卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 83 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦29 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## कृषि क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा भारत-चौहान

### गौचर में राज्य स्तरीय कृषि मेले का केन्दीय कृषि मंत्री और सीएम ने किया भव्य शुभारंभ



चमोली। किसान दिवस के अवसर पर चमोली जनपद के गौचर में आयोजित राज्य स्तरीय कृषि मेले का भव्य शुभारंभ किया गया। मेले में केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता की। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने किसानों से सीध संवाद किया और खेती-किसानी से जुड़े उनके प्रश्नों का विस्तार से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार किसानों को फसल उत्पादन और उसके विपरण के लिए निरंतर प्रोत्साहन कर रही है। साथ ही किसानों के कल्याण के लिए कई योजनायें भी संचालित की जा रही है। जिसका लाभ किसानों को उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश का कृषि क्षेत्र निरंतर नवाचार और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से नए आयाम स्थापित कर रहा है। देवभूमि उत्तराखंड(शेष पृष्ठ 7 पर)

## एंजेल के दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई-धामी



देहरादून। देहरादून में अध्ययनरत दिवंगत छात्र एंजेल चकमा की दुखद मृत्यु के मामले को राज्य सरकार ने पूरी गंभीरता से लिया है। इस प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एंजेल चकमा के पिता से दूरभाष पर बातचीत कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें आश्वस्त किया कि दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुःखद और अमानवीय है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस गंभीर घटना के संबंध(शेष पृष्ठ 7 पर)

## पालिकाध्यक्ष गुम्बर के खिलाफ पर्यावरण मित्रों का प्रदर्शन



गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू द्वारा पगर में सफाई व्यवस्था के लिए ठेके पर कार्य कराने को निकाले गये टेंडर का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर जहां पालिका के सभासद पालिकाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा सम्भाले हुए हैं तो अब दूसरी ओर पालिका के पर्यावरण मित्रों ने भी पालिकाध्यक्ष मनोज मिंटू के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर उनके लिए परेशानियों को और अधिक बढ़ा दिया है। उनका कहना है कि नगर में सफाई व्यवस्था में ठेका प्रथा को पूरी तरह से बंद किया जाये। इस न्यायोचित मांग को लेकर वह पिछले काफी समय से आन्दोलन कर रहे हैं। रोषित पर्यावरण मित्रों ने कहा कि नगरनिगम में ठेका प्रथा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में उन्हें इस सन्दर्भ में सिर्फ आश्वासन ही मिलते रहे हैं। रोषित पर्यावरण मित्रों ने आन्दोलन करते हुए पालिका कार्यालय पर फांसी का फंदा भी लटकाया। उनका कहना था कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह फांसी लगाने को मजबूर हो जायेंगे जिसकी जिम्मेवारी पालिका प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था के लिए ठेके पर कार्य कराने के बजाय आउट सोर्सिंग से नियुक्ति की जानी चाहिए।(शेष पृष्ठ 7 पर)

## सड़क हादसे में बाईक सवार युवक की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार की रात्रि निकटवर्ती ग्राम महतोष के बाजार के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम खानपुर नम्बर एक निवासी 24 वर्षीय संजय पुत्र स्व. अशोक कुमार रविवार की रात्रि ग्राम महतोष के बाजार आया हुआ था। जब वह अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 एएम 4701 पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था तो बाजार से कुछ ही आगे तेज गति से आते अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक को टक्कर मार दी। जिससे संजय (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए इस प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की। कांग्रेसी भगतसिंह चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए महाराजा रणजीत सिंह पार्क पहुंची। इस मौके पर कांग्रेस नेता संजय जुनेजा ने कहा कि अंकिता भंडारी, पहाड़ की बेटी थी और उसे न्याय दिलाना केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा प्रश्न है। जिस प्रकार से इस मामले में प्रारंभिक स्तर पर साक्ष्य नष्ट किए गए, रिसॉर्ट को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया और जांच को सीमित दायरे में रखा गया, उससे सरकार की नीयत पर संदेह उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में उर्मिला के सोशल मीडिया के माध्यम स(शेष पृष्ठ 7 पर)

## मांगों को लेकर जीएसटी कर्मियों का प्रदर्शन



रूद्रपुर । उत्तराखण्ड राज्य कर (जीएसटी) मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन द्वारा अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत सोमवार को रूद्रपुर स्थित राज्य कर जोनल कार्यालय पर गेट नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। आंदोलन के तहत मिनिस्ट्रीयल स्टाफ ने पूर्वाह्न 11 बजे से 12 बजे तक कार्यालय परिसर में एकत्र होकर शासन व विभागीय अधिकारियों के खिलाफ रोष जताया। एसोसिएशन के प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद से अब तक अधिकारी संवर्ग के ढांचे में तीन बार वृद्धि कर नए पद सृजित किए जा चुके हैं, लेकिन इसके विपरीत मिनिस्ट्रीयल स्टाफ का ढांचा आज भी 777 पदों पर ही स्थिर है। जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद कार्यभार में भारी बढ़ोतरी के बावजूद मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के पदों में कोई इजाफा नहीं किया गया। वर्ष 2025 में पुनः अधिकारियों के पद(शेष पृष्ठ 7 पर)

## 'धामी' की अगुवाई में 'ऊर्जा मुट्ठी में' करने की ओर अग्रसर 'उत्तराखंड'

### मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना का दूसरा चरण लाने की तैयारी, इस दफा बैटरी एनर्जी स्टोरेज की सुविधा पर किया जाएगा फोकस

-अर्श-



देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा सौर ऊर्जा के उत्पादन को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि सूबे को ऊर्जा समृद्ध किया जा सके तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को सौर स्वरोजगार से जोड़कर प्रदेश के घर-घर में ऊर्जा पैदा की जा सके। इसी क्रम में उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2020 में 'मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना' शुरू की थी। जिसके प्रथम चरण में प्रदेश के तमाम लोगों को लाभान्वित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत लोगों को 20 से 25 किलोवाट क्षमता वाले सौर संयंत्र लगाने पर वित्तीय सहायता दी जा रही थी, जिसका सीधा लाभ राज्य के बेरोजगार युवाओं और कोरोना की वजह से रिवर्स पलायन कर गए लोगों को विशेष रूप से हुआ है। शुरुआती दौर में इस योजना के तहत सोलर प्लांट लगाने वाले लाभार्थियों को आगामी 25 सालों तक उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड को बिजली भेजने की सुविधा दी जा रही थी। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार योजना के प्रारंभिक चरण में 10,000 युवाओं को 20 से25 किलोवाट तक की सौर परियोजनाएं आवंटित की गई, साल 2023 में इस योजना को और अधिक व्यापक एवं कारगर लाभकारी बनाने के लिए उपरोक्त योजना में संशोधन किया गया।संशोधन के तहत लाभार्थियों को 20 से 200 किलोवाट तक के सोलर प्लांट की स्थापना में सहयोग करने की व्यवस्था की गई थी तथा योजना की समय सीमा को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया था ताकि, उत्तराखंड सरकार ने मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत जो 250 मेगावाट के सोलर प्लांट लगाए जाने का लक्ष्य रखा था, उसको पूरा कर सके। अब राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार सरकार मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के दूसरे चरण की परिकल्पना की है और इस योजना में एक खास तरह के प्रोत्साहन की व्यवस्था को शामिल करने की तैयारी है। सरकारी सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के दूसरे चरण में कुछ ऐसी नई चीजें देखने को मिलेगी, जिसके फलीभूत होने पर उत्तराखंड का प्रत्येक व्यक्ति ऊर्जा अपनी मुट्ठी में कर सकेगा। हासिल जानकारी के मुताबिक अब धामी सरकार ने मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना में बैटरी एनर्जी स्टोरेज की सुविधा का समावेश करने का फैसला किया है। इसके अंतर्गत सोलर सिस्टम से उत्पन्न बिजली का(शेष पृष्ठ 7 पर)

# उत्तराखंड पुलिस के खर्च में पांच सालों में भारी बढ़ोत्तरी

## वर्ष 2020-21 में 40.37 करोड़ से वर्ष 2024-25 में 419 प्रतिशत बढ़कर 209.63 करोड़ हुआ खर्च, गुप्त सेवा व्यय हुआ 16 गुना, परिश्रमिक हुआ 243 गुना

काशीपुर। उत्तराखंड पुलिस के खर्च में पिछले पांच वर्षों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। उत्तराखंड पुलिस का खर्च वित्तीय वर्ष 2020-21 के 40 करोड़ 37 लाख 683 से वित्तीय वर्ष 2024-25 में चार गुना से अधिक बढ़कर 209 करोड़ 63 लाख 90 हजार 34 रू हो गया। यह खुलासा सूचना अधिकार के अन्तर्गत उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी से पुलिस थाने में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर लगे सी.सी.टी.वी. पर खर्च सहित विभिन्न बिन्दुओं पर सूचना चाही थी। इसके उत्तर में उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी/पुलिस अधीक्षक (का0व्यं0) कमलेश उपाध्याय ने अपने पत्रांक 579 के साथ विभाग के सभी मदों पर खर्च वाले बजट मैनुअल-8 के वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह मार्च के विवरणों की सत्यापित फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी हैं। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार पुलिस विभाग का वित्तीय वर्ष 2020-21 का कुल खर्च 40 करोड़ 37 लाख 73 हजार 683 था जो 2021-22 में 59 प्रतिशत बढ़कर 64 करोड़ 35 लाख 11 हजार 925 हो गया। वर्ष 2022-23 में पुनः कम होकर 42 करोड़ 10 लाख 77 हजार 225 हो गया। वर्ष 2023-24 में तीन गुना से अधिक होकर 146 करोड़ 77 हजार 724 हो गया जो 2024-25 में बढ़कर 209 करोड़ 63 लाख 90 हजार 34 हो गया। यह बढ़ोत्तरी पिछले पांच वर्षों 419 प्रतिशत है। श्री नदीम को उपलब्ध मदवार खर्च के विवरण के अनुसार वर्ष 2024-25 में वेतन पर 19 करोड़ 01 लाख 99 हजार 856 रू. खर्च हुये जबकि मजदूरी पर 6 लाख 99 हजार 274, मंहगाई भत्ते पर 9 करोड़ 94 लाख 8 हजार 91, यात्रा व्यय पर 27 लाख 50 हजार 667, अन्य भत्तों पर 1 करोड़ 74 लाख 56 हजार 807, परिश्रमिक मद पर 27 करोड़ 73 लाख 83 हजार 355, चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर 24 लाख 96 हजार 913 रूपये, लेखन सामग्री एवं छपाई पर 39 लाख 99 हजार 257, कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण पर 8 लाख 98 हजार 557, कार्यालय व्यय पर 49 लाख 99 हजार 862, किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व मद पर 5 लाख, विज्ञापन एवं प्रकाशन पर 54 लाख 44 हजार 885, उपयोगिता बिलों के भुगतान पर 74 लाख 13 हजार 940, कम्प्यूटर हार्डवेयर साफ्टवेयर एवं अनुरक्षण पर 10 करोड़ 49 लाख 89 हजार 588, व्यवसायिक तथा विशेष सेवा पर 5 करोड़ 92 लाख 5 हजार 580, कार्यालय वाहन क्रय पर 24 करोड़ 95 लाख 24 हजार 164, वाहन संचालन अनुरक्षण ईंधन पर 37 करोड़ 98 लाख 94 हजार 439, अतिथ्य व्यय पर 6 लाख 98 हजार 956, गुप्त सेवा पर 1 करोड़ 50 लाख, मशीन उपकरण सज्जा एवं संयत्र पर 47 करोड़ 25 लाख 74 हजार 718, अन्य विभागीय व्यय पर 9 लाख 98 हजार 351, सामग्री एवं सम्पूर्ति पर 3 करोड़ 99 लाख 13 हजार 998, अनुरक्षण व्यय पर 9 करोड़ 99 लाख 91 हजार 816, लघु निर्माण पर 5 करोड़ 99 लाख 46 हजार 930 रू. खर्च हुये है। लोक सूचना अधिकारी के पत्र के साथ उपलब्ध कराये पत्रांक 556(1) में पुलिस अधीक्षक, बजट द्वारा सूचना दी गयी हैं कि थानों में सी0सी.टी0वी0 लगाये जाने हेतु खर्च वर्ष 2020-21 से मानक मद 40 मशीन उपकरण सज्जा एवं संयत्र में प्रावधान करके किया गया है। उपलब्ध विवरणों के अनुसार इस मद के अन्तर्गत वर्ष 2020-21 में 2 करोड़ 49 लाख 99 हजार 690 रू. वर्ष 2021-22 में 2 करोड़ 49 लाख 92 हजार 650. वर्ष 2022-23 में 2 करोड़ 92 लाख 58 हजार 157, वर्ष 2023-24 में 17 करोड़ 62 लाख 05 हजार 900, वर्ष 2024-25 में 47 करोड़ 25 लाख 74 हजार 718 रू. खर्च किये गये है। वर्ष 2020-21 की अपेक्षा 2024-25 में इस मद में 17 गुना से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है। श्री नदीम को उपलब्ध पुलिस विभाग के खर्च विवरणों से स्पष्ट हैं कि वर्ष 2020-21 की तुलना में वर्ष 2024-25 में कुल खर्च में तो 419 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। यदि मदवार वृद्धि देखे तो वेतन, अन्य भत्ते, लेखन सामग्री, फर्नीचर उपकरण, कार्यालय व्यय की मदों में मामूली केवल 25 प्रतिशत तक की ही वृद्धि हुई तथा अन्य विभागीय व्यय में कोई वृद्धि नहीं हुई है तथा सामग्री की सम्पूर्ति मद में 55 प्रतिशत तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति में 63 प्रतिशत कमी हुई है। जबकि सर्वाधिक वृद्धि 2422 प्रतिशत पारिश्रमिक मद में हुई हैं, किराया कर स्वामित्व मद में 2882 प्रतिशत, विज्ञापन में 2643 प्रतिशत, कम्प्यूटर हार्डवेयर में 3165 प्रतिशत, व्यवसायिक सेवा में 1874, वाहन क्रय में 7130, वाहन संचालन ईंधन व्यय में 6121,गुप्त सेवा व्यय में 1567, मशीन उपकरण में 1790 लघु निर्माण में 2080 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अन्य 25 से 900 प्रतिशत वृद्धि वाली मदों में मजदूरी में 77, महंगाई भत्ता 214, यात्रा व्यय 71, उपयोगिता बिल 59, अतिथ्य 834, अनुरक्षण में 900 प्रतिशत वृद्धि शामिल है।

# एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन ने किया खेल प्रतियोगिता का आयोजन

नानकमत्ता। एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद यूथ क्लब के बच्चों हेतु एक खेल प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद





यूथ क्लब के अध्यक्ष अरविंद द्वारा सभी अतिथियों के परिचय के साथ किया गया। तत्पश्चात अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर दीप मंत्र एवं गायत्री मंत्र का सामूहिक उच्चारण किया गया तथा नारियल फोड़कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।खेल प्रतियोगिता की शुरुआत 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ से की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत म्यूजिकल चेयर, लंबी कूद एवं रस्सी कूद जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शारीरिक विकास, खेल भावना एवं अनुशासन को बढ़ावा देना रहा। संपूर्ण आयोजन अत्यंत सफल, प्रेरणादायक एवं सराहनीय रहा। प्रतियोगिता 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान नीरज,सेकंड स्थान फेज तृप्ति स्थान दीपक राठौड़, 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान रोशनी द्वितीय स्थान दीक्षा तृतीय स्थान मेनू, लंबी जंप में प्रथम स्थान फेज तृतीय स्थान पर ललित जोशी तृतीय स्थान सूरज ने प्राप्त किया, बालिका रस्सी कूद में प्रथम स्थान पर ममता द्वितीय स्थान पर कंचन तृतीय स्थान पर जया रही, बालिका रस्सी कूद में प्रथम स्थान पुरुषोत्तम द्वितीय स्थान हिमांशु तृतीय स्थान पर अमन, नींबू चम्मच दौड़ में प्रथम स्थान पर संदीप तृतीय स्थान पर रोशनी तृतीय स्थान पर मनप्रीत कौर रही।इस मौके पर उमेश अग्रवाल, दयाशंकर शर्मा, भास्कर सम्मल, सुरेश सिंह राणा,गौरी दत्त जकुरिया, नरसिंह राणा, आलोक तिवारी, भगत सिंह, रवि कुमार, प्रेमवती राणा, आयुषी राणा, रोहित सिंह, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पीड़िता ने विधायक से लगाई चोरी के खुलासे की गुहार

गदरपुर अब से लगभग 25 दिन हुई पूर्व हुई सकैनिया पुलिस चौकी से महज पचास मीटर की दूरी पर चोरी का नहीं हुआ अब तक खुला,पीड़िता ने लगाई विधायक पांडे से चोरी के खुलाशे की गुहार। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि थाना गदरपुर के निकटवर्ती ग्राम सकैनिया पुलिस चौकी से मात्र 50 मीटर के फासले पर हुई चोरी का खुलासा पुलिस चोरी के लगभग 25 दिन भी जाने के बाद भी अब तक नहीं कर पाई खुलासा। इसके बाद पीड़िता कई



बार थाने में चौकी के चक्कर लगाकर थक गई मिला तो सिर्फ आश्वासन। इसके बाद पीड़िता ने दुखी होकर भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान विधायक अरविंद पांडे से चोरी के खुलाशे की गुहार लगाई। पीड़िता ने बताया कि बीते कई दिनों से मैं थाने में चौकी के चक्कर लग रही हूं पर पुलिस इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। वही विधायक पांडे ने सेकंड ईयर चौकी इंचार्ज से फोन के माध्यम से बात कर जल्द चोरी के खुला से की मांग की। वही चौकी इंचार्ज द्वारा कहा गया कि जांच अभी जारी है।

# गदरपुर में वेजीटेरियन शान-ए-पंजाब रेस्टोरेंट का शुभारंभ

गदरपुर। नगर के गूलरभोज रोड स्थित वेजीटेरियन शान-ए-पंजाब रेस्टोरेंट का शुभ मुहूर्त विधिवत रूप से संपन्न हुआ। रेस्टोरेंट का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर एवं सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर रेस्टोरेंट के एमडी आदर्श गंडा एवं जतिन कालरा ने बताया कि शान-ए-पंजाब रेस्टोरेंट में शुद्ध शाकाहारी भोजन की अनेक स्वादिष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण वैरायटी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को साफ-सुथरे वातावरण में शुद्ध क्वालिटी से तैयार भोजन परोसा जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों गुंजन सुखीजा, प्रीत ग्रोवर एवं ज्योति ग्रोवर को आयोजकों की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने रेस्टोरेंट के सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं।



# गदरपुर में 15 से 23 जनवरी तक होगा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

गदरपुर। 47वें वार्षिकोत्सव एवं बसंत पंचमी के पावन पर्व के अवसर पर नगर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन गुरुवार 15 जनवरी 2026 से शुक्रवार 23 जनवरी 2026 तक संपन्न होगा। सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 जनवरी 2026, गुरुवार को दोपहर 2 बजे कलश यात्रा के साथ होगा, जो श्री शिव-पार्वती मंदिर, आवास विकास से प्रारंभ होगी। इसके पश्चात 16 जनवरी से 22 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी द्वारा किया जाएगा। वहीं मुख्य यजमान के रूप में आचार्य पं. शिव प्रसाद अग्निहोत्री जी की उपस्थिति रहेगी। समापन दिवस 23 जनवरी 2026, शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक संगीत मयी कथा एवं संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे से अटूट भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। यह आयोजन श्री सनातन धर्म मंदिर, बुध बाजार, गदरपुर में होगा। कार्यक्रम के आयोजक श्री सनातन धर्म सभा (रजि.), श्री सनातन धर्म महिला संकीर्तन मंडल एवं श्री सनातन धर्म युवा मंच, बुध बाजार गदरपुर हैं। आयोजकों ने नगर एवं क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल में मनाया गया विंटर कार्निवल

दिनेशपुर। मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल मे वार्षिक उत्सव 'मिगतेसी विंटर कार्निवाल का आयोजन किया गया है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से 'प्रदर्शनी मिगतेशी' तथा विंटर कार्निवाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने दीप प्रज्वलित कर किया।विद्यार्थियों की कल्पना शीलता और नवाचार से सभी प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी। प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किचे। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न धर्म तथा भाषाओं से संबंधित कार्यक्रम पेश किए। इनमें वैष्णो देवी पर आधारित धार्मिक एवं संस्कृत मॉडल भारत सरकार के ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित सामाजिक जागरूकता मॉडल, प्राथमिक कक्षाओं के लिए स्वर तथा गणितीय संक्रियाओं को सरल तरीके से समझने वाले शिक्षक मॉडल शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शिव अरोरा ने प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विषयों की व्यवहारिक समझ विकसित करना रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना तथा पुस्तक की ज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ने की बात कही। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा मनीष अग्रवाल सीए, अशोक सिंघल, अमित नारंग, डॉ मनदीप सिंह तथा विद्यालय की संरक्षक रश्मि विज, बलवंत राय अरोरा, प्रबंधक अनमोल विज,पमिता अरोरा, प्रियंका विज, मनीष अरोरा, सिमरन अरोरा, किशन अरोड़ा, सौरभ बेहड़, एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर ए जे बटसर, एवं प्रधानाचार्य साधना बटसर और राजेंद्र गोस्वामी आदि मौजूद रहे।





# ट्रांजिट कैम्प से बाईक व स्कूटी चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र से अज्ञात वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से माटरसाईकिल व स्कूटी चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सुकेंन पुत्र दिलीप निवासी वार्ड 2. शिवनगर ने कहा है कि वह अपने मालिक प्रतिपाल सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी आवास विकास की मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एन 4233 को चलाता है। 12 नवम्बर को रात्रि 10 बजे उसने उक्त मोटर साईकिल अपने मित्र नील कमल सरकार के घर के सामने शमशान घाट रोड़ शिवनगर में खड़ी करके लॉक लगा दिया था। लगभग आधा घण्टे बाद वह घर जाने के लिये नील कमल के घर से बाहर आया तो देखा मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है। वहीं भूप कुमार पुत्र मुरारी लाल निवासी गौरी विहार फुलसुंगा मूल निवासी ग्राम चुरैला पोस्ट राठ थाना बहेड़ी बरेली का कहना है कि 14 नवम्बर को रात्रि उसने अपनी स्कूटी संख्या यूके 06 एवी 59312 को अपने घर के अन्दर खड़ी की थी। अगले दिन सुबह उसने देखा कि उसकी स्कूटी मौजूदा स्थान पर नही थी। पुलिस ने दोनों मामलों की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चार साहिबजादे के शहीदी दिवस पर गुरमत समागम का आयोजन

गदरपुर। श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह ,जोरावर सिंह, फतेह सिंह एवं माता गुजरी कौर के अलावा अन्य शहीदों की याद में महान शहीदी गुरमत समागम का आयोजन करते हुए सर्वत्र सुख समृद्धि की कामना की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 बायपास पर ग्राम मोतियापुर चौक पर आयोजित शहीदी कार्यक्रम में ग्राम मोतियापुर,बलखेड़ा, चुन्न पुरी और बलखेड़ा नहर के ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं द्वारा आयोजित किए गए शहीदी समागम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश के उपरांत श्री सुखमनी साहिब की पाठ से आरंभता की गई। तत्पश्चात गुरुद्वारा नानकपुरी टांडा से आए भाई नाजर सिंह द्वारा शबद कीर्तन तथा गुरुद्वारा सिंह सभा बरखेड़ी काशीपुर से पहुंचे भाई मनजीत सिंह के जत्थे ने गुर इतिहास एवं शहीदों की दास्तान का वर्णन किया। वहीं कथावाचक देवेंद्र सिंघ द्वारा चार साहिबजादों की लासानी शहादत पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। वहीं लगभग एक दर्जन बच्चों द्वारा भी शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कविता एवं शब्द कीर्तन गायन किया जिसका संगत ने बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के साथ उत्साह वधन किया। इस दौरान ग्रंथी भाई प्रेम सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई, कार्यक्रम में पहुंचे गुरुद्वारा नानकसर ठाठ बाजपुर के बाबा प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को गुरु वाले बनने का आह्वान किया। वही ग्राम बिजपुर में शहीदी समागम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ के भोग के उपरांत रागी भाई अमरजीत सिंह एवं रागी परमजीत सिंह ने शब्द कीर्तन तथा कथावाचक देवेंद्र सिंघ ने शहीदों की दास्तान का वर्णन तथा भाई अमरजीत सिंह ने सुख शांति की अरदास की। इधर,ग्राम बिशनपुर में आयोजित किए गए शहीदी समागम में गुरबाणी पाठ के उपरांत भाई सतनाम सिंह ने अरदास करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कथा वाचक देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु तेग बहादुर, माता गुजरी जी ,बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह ,जोरावर सिंह ,फतेह सिंह के अलावा मोतीराम मेहरा और दीवान टोडरमल एवं अन्य शहीदों की शहादत का वर्णन करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के समापन के उपरांत अरदास एवं दूध के प्रसाद का वितरण किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा गदरपुर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 74 प्रेम नगर बाईपास पर साहिबजादे चौक पर शहीदी समागम का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के गुरुद्वारों में भी शहीदी समागमों का आयोजन करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ गुरु के लंगर एवं दूध के प्रसाद का वितरण किया गया।





क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः–
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री–पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी। डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# चोरी की जांच के दौरान दुकान के कर्मचारी ने अपने हाथ और गले की नस काटी

किच्छा। 3 दिन पूर्व नैनीताल वाली गली में महेंद्र के जनरल स्टोर पर हुई 4 लाख की चोरी के प्रकरण में जांच के दौरान एक युवक द्वारा अपने हाथ और गले की नस काट लिए जाने का प्रकरण सामने आया है। गौर तलब है कि तीन दिन पूर्व नैनीताल बैंक वाली गली में महेंद्र जनरल स्टोर पर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करके 400000 की नगदी चुरा ली थी जिसकी सूचना दुकान स्वामी द्वारा पुलिस को दी गई थी पुलिस सीसी फुटेज जिसके माध्यम से चोरी का सुराग लगाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान जनरल स्टोर में काम करने वाले सभी कर्मचारियों से पुलिस पूछताछ कर रही थी। जानकारी में आया है कि जांच के दौरान एक कर्मचारी द्वारा जनरल स्टोर के अंदर ही चेंजिंग रूम में धारदार हथियार से अपने हाथ और गले पर वार कर लिया। जिसकी चीख पुकार सुनकर दुकान स्वामी एवं अन्य लोगों ने दरवाजा तोड़ दिया और उसको बाहर निकाल तथा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जांच कर रही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई तथा घायल व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। साथ ही घायल को रेफर कर दिया है किंतु हालात सामान्य बताई जा रहे है। पुलिस संपूर्ण प्रकरण की जांच कर रही है। घटना की सूचना पर दुकान स्वामी सहित कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू एवं अन्य सुरक्षा कर्मचारी भी मौके पर मौजूद थे। इस दौरान घायल का बयान दर्ज किया जा रहा है किंतु अभी दुकान में हुई चोरी के संबंध में कुछ भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है की युवक चोरी में शामिल था या नहीं। युवक ने किन कारणों से अपने ऊपर हमला किया यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। बरहाल जनरल स्टोर में काम कर रहे कर्मचारियों द्वारा स्वयं पर ही जानलेवा हमले किए जाने को लेकर के पुलिस प्रशासन एवं तमाम व्यापारी और दुकान स्वामी भी अर्चंभित है।

# 2 जनवरी से प्रारंभ होगी श्रीमद्भागवत कथा

शक्तिफार्म। आस्था, श्रद्धा और भक्ति के रंगों से सराबोर राधे-राधे मंदिर प्रांगण इन दिनों भक्ति रस में डूबा हुआ है। आगामी 2 जनवरी से प्रारंभ होने वाली साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल भंडारे के शुभ प्रचार राधे-राधे लिखे ध्वजों के साथ निकली यह रैली मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर सुभाष चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। "राधे-राधे" के गगनभेदी जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिरस में डूब गया। हर ओर श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पावन अवसर पर पंजाब के पठानकोट के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. रविनंदन शास्त्री जी के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा 2 जनवरी से प्रारंभ होकर एक सप्ताह तक चलेगी, वहीं समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। भागवत प्रचार मंडल कमेटी के अध्यक्ष रिपुसूदन मंडल ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं। इस भक्तिमय यात्रा में चेयरमैन सुमित मंडल, पूर्व चेयरमैन सुनील विश्वास, अजित हालदार, विपिन डालमिया, सव्यसाची हालदार, अरविंद मंडल, अभिजीत हालदार, गोविंद पोखरिया, निरंजन, निखिल मंडल, समीरन मंडल, प्रकाश सरकार, तारक प्रमाणिक, किशन शर्मा, मनमोहन, बृजवासी, नारायण, गोविंद कीर्तुनिया, हरविलास विश्वास, सुनीता विश्वास, बासुदेव मांझी, पलाश हालदार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में भक्ति, प्रेम और सद्भावना का अनुपम वातावरण देखने को मिला, जिससे यह आयोजन नगर वासियों के लिए अविस्मरणीय बन गया।



# अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजिन किया

शक्तिफार्म। नगर के मुख्य बाजार में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती के अवसर पर विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मुख्य प्रवक्ता अनिल चौहान एवं हिमांशु बिष्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार ने की। मंच से वक्ताओं ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सितारगंज मुकेश सनवाल, मंडल अध्यक्ष बरा रमेश बाबा, जिला उपाध्यक्ष शिखा हालदार, कृष्ण पद मंडल, विधान सरकार, विष्णु प्रमाणिक, अजय जायसवाल, जगदीश डालमिया, मयंक अग्रवाल, रविन्द्र खान, रमेश राय, संजय बाछाड़, तारक मंडल, प्रकाश राय, माखन मंडल, विपुल विश्वास, मनोज सरकार, राघव सिंह, प्रभाकर राय, मीना मजूमदार, सरस्वती बाला सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि वे भारतीय राजनीति में शालीनता, संवाद और सुशासन के प्रतीक थे। उनकी दूरदर्शी नीतियों और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली सोच आज भी देश को दिशा देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने अटल जी के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सम्मेलन देशभक्ति, विचार और प्रेरणा से ओतप्रोत वातावरण में संपन्न हुआ।



# भारत के पर्यावरण को कॉरपोरेट के हाथों बेचना बंद करो: भाकपा माले

## अरावली, हिमालय, ग्रेट निकोबार व हसदेव अरण्य की रक्षा के लिए खड़े हों: आइसा

बिंदुखत्ता। भाकपा माले व छात्र संगठन (आइसा) ने पर्यावरण बचाओ, भारत बचाओ अभियान के तहत राष्ट्रीय कॉल पर आज कार रोड बिंदुखत्ता चौराहे पर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। जिसमें संसार के सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला अरावली पर्वत को बचाने के साथ साथ पूरे देश के प्राकृतिक संसाधनों को कॉरपोरेट के कब्जे में देने का विरोध हुआ।सभा को संबोधित करते हुए एडवोकेट अमनदीप कौर ने कहा कि आज पूरे देश में इस बात का विरोध हो रहा है कि भारत के पर्यावरण को कॉरपोरेट के हाथों बेचने की सरकारी साजिश नहीं चलेगी। प्रकृति को नुकसान पहुंचा कर विकास की जगह विनाश नहीं चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का ये कहना की 100 मीटर से छोटी पहाड़ी को पहाड़ी नहीं माना जाएगा जिसमें खनन को खुली छूट दे दी जाएगी ये फैसला किसी आधार पर सही नहीं है इससे 90% अरावली नष्ट हो जाएगी। पारिस्थितिकी तंत्र ओर बिगड़ जाएगा जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ेगा।मानसूनी हवाओं और रेगिस्तान की धूल को रोकने वाली अरावली अपने अंदर कई वन्य जीवों का संरक्षण करती है, इसके अलावा दिल्ली तक जल आपूर्ति भी अरावली की ही देन है ऐसे पर्वत को इंसानी जरूरतों के लिए नष्ट कर देना निसंदेह बहुत ही दुखद और शर्मनाक बात है। आज पूरा देश इसके विरोध में है और अरावली सही तमाम पहाड़ों, जंगलों और नदियों को बचाने के लिए सड़क पर संघर्ष जारी रहेगा। आगे सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता एडवोकेट कैलाश जोशी ने कहा कि आज सत्ता में ऐसी सरकार काबिज है जो सारे प्राकृतिक संसाधन बड़े पूंजीपतियों को सौंप देना चाहती है जिससे उनका मुनाफा बढ़ता रहे। चाहे वो हसदेव अरण्य हो या उत्तराखंड के पहाड़ पर्वत या अरावली जैसी प्राचीन पर्वत श्रृंखला। प्राकृतिक संसाधनों एवं पर्यावरण की लूट का असर भूस्खलन, प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सुखा जैसे हालात हमको आए दिन देखने को मिल रहे हैं ये कॉरपोरेट लुट बंद होनी चाहिए तभी इंसान बच पाएगा। इस सरकार को ले लूट बंद करनी होगी अन्यथा व्यापक आंदोलन ये जनता सड़क पर करने को विवश होगी। छात्र संगठन आइसा के नैनीताल जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि पहले से ही इंसानी जरूरतों के लिए लगातार प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता आ रहा है सरकार को इसे रोकने की जिम्मेदारी होनी चाहिए लेकिन हम देखते हैं कि उल्टा ये भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एक पेड़ मां के नाम लगाने का ढकोसला करते हैं दूसरी तरफ बिहार में सैकड़ों पेड़ अडानी के में नाम करते हैं और लाखों पेड़ों की कड़ाई हो जाती है।मध्य भारत का फेफड़ा कहे जाने वाले हसदेव अरण्य को खनन के लिए किस तरह ये सरकार कॉरपोरेट लुट के लिए खोल देती ये सरकार केवल चंदा दो धंधा लो के नियम पर चलती है करोड़ों रुपए कॉरपोरेट से चंदे के रूप में लेने के बाद उनको हमारी प्राकृतिक धरोहरें भेज दी जाती हैं। उत्तराखंड में ऑल वेदर रोड के नाम पर जिस तरह से प्रकृति को नुकसान पहुंचाया है उसका खामियाजा यहां की जनता भुगत रही है। आज यदि अरावली भी नष्ट हो जाती है तो पूरे दिल्ली, उत्तरप्रदेश समेत पूरे उत्तराखंड पर प्राकृतिक आपदा के बादल छा जाएंगे न पानी मिल पाएगा न फसल उग पाएगी। हम इस खतरे को महसूस करते हैं कि आने वाला समय बहुत ही भयावह होगा इस लिए आज हम अरावली, हिमालय, ग्रेट निकोबार हसदेव अरण्य जैसी प्राकृतिक धरोहर को बचाने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं हमारी मांग है कि अरावली को बचाने के लिए सरकार तत्काल खनन बंद करवाए तथा अरावली के साथ साथ पूरे देश के पहाड़ख़ पर्वतों, प्राकृतिक धरोहरों के की सुरक्षा के लिए उचित इंतजाम करे अन्यथा इस कॉरपोरेट लुट को उखाड़ फेंकने के लिए पूरे देश में व्यापक रूप से जनता जल, जंगल, जमीन बचाने सड़कों पर उतरेगी। देश के जल जंगल जमीन पर पहला हक यहां की जनता का है और इसकी रक्षा के लिए जनता एकजुट होगी। कार्यक्रम में भाकपा माले एरिया सचिव पुष्कर दुबड़िया, एडवोकेट कैलाश जोशी, एडवोकेट अमनदीप कौर, राजेंद्र चौहान, एडवोकेट एसडी जोशी, विमला रौथाण, निर्मला शाही, किशन बघरी,धीरज कुमार, कमल जोशी, गोबिंद जीना, हरीश, वीर भद्र भंडारी, त्रिलोक राम आदि अन्य लोग मौजूद थे।



# मन की बात देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत : धामी



नैनीताल। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नैनीताल जनपद के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, कोटाबाग में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम के 129 वें एपिसोड को आम जन एवं विद्यार्थियों के साथ सुना।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मन की बात देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचार हर नागरिक में राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात के माध्यम से देश के कोने-कोने से जनसामान्य की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होती है और अनेक उत्कृष्ट कार्यों से देश प्रेरणा लेता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम से समाज सेवा, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण और युवाओं की सकारात्मक भूमिका जैसे विषयों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से भी इस कार्यक्रम की सीखों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद नैनीताल उधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र अजय भट्ट, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, नैनीताल सरिता आर्या, रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट, मेयर हल्द्वानी नगर निगम गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

# हर्षित ने मिस्टर कुमाऊं व ज्योति ने जीता मिस कुमाऊं का खिताब

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दानपुर प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित फैशन, स्टाइल और युवा आत्मविश्वास का संगम बनकर उभरा मिस्टर एंड मिस कुमाऊँ नेक्स्ट सुपरमॉडल 2025 सीजन 2 का ग्रैंड फिनाले आयोजित हुआ जो कुमाऊँ की उभरती प्रतिभाओं के लिए एक सशक्त मंच बनकर सामने आया। कार्यक्रम का संचालन शिवान्या इवेंट एंड एंटरटेनमेंट के तत्वावधान में किया गया। मिस्टर कुमाऊं नेक्स्ट सुपर मॉडल हर्षित तिवारी, मिस कुमाऊं नेक्स्ट सुपर मॉडल ज्योति नमफयाल चुने गए। जबकि मिस्टर कुमाऊं नेक्स्ट सुपर मॉडल रनर अप पॉल शाह, दूसरे रनर अप आयुष कारगेती। मिस कुमाऊं नेक्स्ट सुपर मॉडल रनर अप दिव्या जोशी, दूसरी रनर अप मोनिका ममता चुनी गई। इवेंट के आयोजक रोहित सिंह दानू ने आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। ग्रैंड फिनाले में कुमाऊँ मंडल के विभिन्न जिलों से आए 50 से अधिक प्रतिभागियों ने रैम्प पर अपने आत्मविश्वास, ग्रूमिंग और फैशन सेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों ने अलग अलग राउंड्स में वॉक, पर्सनैलिटी और स्टाइल स्टेटमेंट के जरिये यह साबित किया कि पहाड़ की युवा पीढ़ी अब फैशन इंडस्ट्री में किसी से पीछे नहीं है। कार्यक्रम का माहौल प्रोफेशनल लाइटिंग, म्यूजिक और कोरियोग्राफी के साथ पूरी तरह मॉडलिंग शो के स्तर का नजर आया। प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन रोहित सिंह दानू, रितेश सिंह बिष्ट, रिशिका कोहली, नीरू बोरा, खुशी राणा और आरती टमटा ने किया। जूरी सदस्यों ने प्रतिभागियों के आत्म विश्वास, स्टेज प्रेजेंस और ओवरऑल पर्सनैलिटी को आधार बनाकर निर्णय लिया। विजेताओं को ट्रॉफी, सैश से सम्मानित किया गया।



# स्थापना दिवस पर देश निर्माण में कांग्रेस के योगदान पर की चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्वराज आश्रम में महानगर कांग्रेस द्वारा एक विचारगोष्ठी एवं संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान तथा लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। अपने संबोधन में महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि भारत की बुनियाद, उसके निर्माण और उसके इतिहास का अभिन्न हिस्सा रही है। पंडित जवाहरलाल नेहरू के आजाद भारत के सपनों से लेकर मौलाना आजाद की जेलों में लिखी गई तहरीरों तक, महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के मार्ग से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के बलिदान तककांग्रेस का इतिहास देश की आत्मा से जुड़ा हुआ है। आज जब कांग्रेस से उसके अस्तित्व की गवाही माँगी जा रही है, तब भारत की आजादी, एकता और लोकतंत्र की पूरी यात्रा स्वयं कांग्रेस की सबसे बड़ी गवाही है। ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे ने कहा कि कांग्रेस 140 वर्ष पहले भी देश की आवाज थी, आज भी है और आने वाले वर्षों में भी संविधान एवं जनहित की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। मुख्य वक्ता के रूप में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय ने विस्तार से कांग्रेस के 140 सालों के इतिहास पर प्रकाश डाला। उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व एवं राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक की गई भारत जोड़ो यात्रा, देश की जनता से सीधा संवाद और लोकतंत्र की रक्षा का प्रतीक है। कार्यक्रम में भागीरथी बिष्ट, राधा आर्य, डॉ. मयंक भट्ट, सुहैल सिद्दीकी, मलय बिष्ट, धर्मवीर, राधा चौधरी, देवकी देवी, सुनीता टम्टा, जगमोहन बगड़वाल, कैलाश साह, जगदीश वाणी, गोविंद बगड़वाल, संजू उप्रेती, संदीप जोशी, हरीश लाल वैध, भुवन चंद्र, प्रकाश चंद्र, चंदन भाकुनी, अमित रावत, किशोर जोशी, योगेंद्र पाठक, शाद अली, कोमल जायसवाल, मनोज भट्ट, प्रदीप बिष्ट, राजा, रवि पांडे, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश



# शिव सेना ने भीमताल में आयोजित किया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिव सेना द्वारा भीमताल विधानसभा प्रभारी मुकेश बिष्ट के नेतृत्व में केवीआर हॉस्पिटल काशीपुर के सहयोग से रामलीला ग्राउंड, भीमताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ श्रीमती सीमा टम्टा चेयरमैन भीमताल, शिव सेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार भईयू, भवाली व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे, सभासद रामपाल गंगोला, पूर्व भीमताल व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, शिव सेना जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, हरीश पांडे ने संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया। शिविर में हरीश चंद्र पांडे राष्ट्रीय सचिव कराटे एसोसिएशन, उमेश पाठक, चंदन बिष्ट, संदीप पांडे, शंकर सिंह, राकेश चंद्र बृजवासी, उमेश पाठक, चंदन बिष्ट, अतिथि के रूप में पहुंचे।शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा मुख्य रूप से घुटनों एवं हड्डियों की जांच की गई। मरीजों को उचित परामर्श,खून की जांच,शुगर, बीपी कीजांच, एक्सरा अन्य स्वास्थ्य संबंधी नि:शुल्क जांचे की गई। साथ ही मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरण भी किया गया। 120 से अधिक लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान मुख्य स्वास्थ्य शिविर आयोजक/ भीमताल विधानसभा प्रभारी मुकेश सिंह बिष्ट, हल्द्वानी महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्या, अभिषेक कश्यप, आयुष वार्ष्णेय,अक्षय मौर्य, डॉ.तरुण सोलंकी, गुरविंदर सिंह सहित हॉस्पिटल टीम मौजूद थी।



# फरार दोषसिद्ध बन्दी दीपक को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायालय से पैरोल पर बाहर आए दोषसिद्ध फरार बन्दी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध और अपराधियो के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देशानुसार ट्रांजिट कैम्प कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा कोविड के समय पर पैरोल पर रिहा किये गये बन्दी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि 23 जून 2020 को जितेन्द्र राठौर पुत्र सुरेश राठौर निवासी वार्ड 9 ट्रांजिट कैम्प की लिखित सूचना के आधार पर कि अज्ञात चोर के द्वारा उसके घर से सामान चोरी कर लिया गया है। मामले की जाच उप निरीक्षक मनोज कुमार के द्वारा की गयी। उन्होंने बताया विवेचना के दौरान 26 जून 2020 को चोरी के सामान के साथ दीपक कुमार पुत्र महातम कुशवाहा निवासी वार्ड 3 संजयनगर खेड़ा को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय के द्वारा 9 जनवरी 2021 को उसे 1-1 वर्ष का कारावास और जुर्माने से दण्डित किया गया। सजा काट रहे सिद्दोष बन्दी दीपक कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक, कारागार एवं सुधार सेवा विभाग उत्तराखण्ड के निर्देश पर कोविड-19 के प्रसार के रोकथाम हेतु कारागार से पैरोल पर रिहा किया गया। सिद्धदोष बन्दियों की पुन: गिरफ्तारी किये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में उक्त सिद्धदोष बन्दी दीपक कुमार की तलाश की गयी और उसे गिरफ्तार किया गया और उप कारागार हल्द्वानी मे दाखिल किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश बवाडी व हेड कांस्टेबल अजय शाही शामिल थे।



# विधायक शिव अरोरा ने किसानो संग सुनी मन की बात

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने बूथ संख्या 182 शिवपुर क्षेत्र मे किसानो के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 129 वे संस्मरण को सुना।विधायक शिव अरोरा ने कहा इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को ग्रामीण क्षेत्र के शिवपुर गाव मे किसान भाइयों के साथ सुना। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर माह होने महत्वपूर्ण कार्यक्रम है हम जैसे करोड़ो कार्यकर्ता के लिये सीखने व समाज जीवन मे समाज हित मे कार्य करने के लिये प्रेरणा मिलती है।विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री बनने के बाद से नरेंद्र मोदी ने लगातार किसानो के उत्थान हेतु कई महत्वपूर्ण बदलाव कई योजनाओं को लागू किया है जिसका सीधा लाभ देश के अनदाता को मिल रहा है चाहे वो डीबीटी के माध्यम से सीधे किसान सम्मान निधि की बात हो या फिर यूरिया खाद के लिये लगने वाली लम्बी कतारों को खत्म करने के साथ कई महत्वपूर्ण फसलों को एमएसपी मे शामिल करने जैसे निर्णय का लाभ जनता को मिल रहा है।विधायक शिव अरोरा ने कहा मन की बात कार्यक्रम मात्र नही है यह भारत दर्शन की यात्रा जैसा है जिसमे प्रधानमंत्री हर बार मन की बात में अलग अलग क्षेत्रों में विषय को संस्मरण में साझा करते है जिससे देशवासियो को भी पता चलता है भारत कितनी प्रतिभाओ से भरा हुआ है।विधायक शिव अरोरा बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन देश विकसित भारत बने जिस दिशा में हम आगे बढ़ चुके हो आज विश्व भारत की ताकत का लोहा मानने लगा है ओर यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के कारण सम्भव हुआ है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, किसान जिला अध्यक्ष राजेश बजाज, प्रीत ग्रोवर,राजीव शुक्ला, कुलदीप सिंह, सुमंगल, जगदीश विश्वास, राजकुमार, नरेश तपाली, आयुष चिलाना, राजेश तिवारी, सूरज पाल, मुकेश मंडल, भोला,विजय कुमार, अरविन्द सरकार, सुखदेव सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# सीपीयू ने नगदी भरा पर्स लौटाया


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सीपीयू टीम ने एक सराहनीय कार्य करते हुए काठगोदाम के शीशमहल निवासी महिला का 23 हजार की नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा पर्स बरामद कर उसे वापस लौटाया। जानकारी के अनुसार 28 दिसम्बर को सीपीयू हल्द्वानी में तैनात उपनिरीक्षक जगत सिंह भंडारी एवं कांस्टेबल विक्की कुमार को काठगोदाम क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान शीशमहल के पास एक पर्स रोड में गिरा हुआ मिला। जिसको खोलकर देखा तो उसमे एक आधार कार्ड, एक एटीएम कार्ड तथा 23 हजार रुपये नगद थे। जिसकी सूचना सिटी कंट्रोल रूम को नोट कराई गई। पर्स में मिले आधार कार्ड में सुनीता सक्सेना निवासी शीशमहल सेंट पोल स्कूल काठगोदाम का पता था। महिला के पते का मालूमात कर पुलिस टीम द्वारा उक्त महिला सुनीता सक्सेना को पर्स सुपुर्द किया गया। महिला ने पुलिस टीम एवं सीपीयू टीम को धन्यवाद व्यक्त किया।



# संपत्ति विवाद में एडीएम प्रशासन नजूल ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

## बैंक से दस लाख लोन लेकर खरीदा था मकान, कब्जा नहीं मिला किश्तें हुई बंद तो न्यायालय पहुंचा मामला, फैसला ऋणी के पक्ष में

रुद्रपुर/काशीपुर। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन/नजूल पंकज कुमार उपाध्याय ने काशीपुर के नीझड़ा इलाके में एचडीएफसी बैंक से मकान पर लिए गए ऋण के एक मामले में सच्चाई का साथ देते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया। एचडीएफसी बैंक बनाम मोहम्मद शाहिद व आयशा नाज के उक्त मामले में मजिस्ट्रेट ने तहसीलदार काशीपुर व कोतवाल आईटीआई को मकान पर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण के बारे में पता चला है कि वार्ड नंबर चार जुलाहान जसपुर निवासी मोहम्मद शाहिद पुत्र हाजी छुट्टू व उसकी पत्नी आयशा नाज ने वर्ष 2017 की 17 अगस्त को घोसीपुरा पट्टी तहसील स्वार जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश व हाल मोहल्ला जसपुर खुर्द नियर आनंद हॉलीडे निवासी एहसान अली पुत्र मोहम्मद अली से ग्राम नीझड़ा काशीपुर स्थित यूके एनक्लेव नामक नव विकसित कॉलोनी में खसरा नंबर 212, मिन रकवा 600 वर्ग फीट मकान का 13 लाख रूपयों में सौदा किया। एचडीएफसी बैंक से वर्ष 2020 में मोहम्मद शाहिद ने 10 लाख का लोन कराकर सारी अदायगी की। 20 हजार नगद व समस्त भुगतान चेक से किए गए। रजिस्ट्री बैंक ने बंधक रख ली लेकिन मकान पर क्रेता को कब्जा नहीं मिला। दो वर्षों तक लगातार बैंक की किस्त अदा करने के बावजूद जब क्रेता को मकान पर कब्जा नहीं मिला तो उसने बैंक भुगतान रोक दिया। इस मामले में बैंक ने कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में एक वाद दायर किया। लम्बे समय तक चली सुनवाई के पश्चात विद्वान अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन/नजूल पंकज कुमार उपाध्याय ने बीते 23 दिसंबर को भूमि विवाद के इस मामले में फैसला सुनाते हुए तहसीलदार काशीपुर व आईटीआई थानाध्यक्ष काशीपुर को तत्काल एहसान अली से भवन की चाबी लेकर मकान पर मोहम्मद शाहिद को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। अपने फैसले में मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि बैंक बनाम मोहम्मद शाहिद ऋण की रकम के लेन-देन को लेकर सक्षम न्यायालय में चाराजोई के लिए स्वतंत्र है। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने 23 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक ऋणी मोहम्मद शाहिद को मकान की चाबी दिलाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि यदि ऐसा नहीं होता तो 29 दिसंबर को बैंक प्रतिनिधि की मौजूदगी में मोहम्मद शाहिद को बलपूर्वक भवन पर कब्जा दिलाया जाएगा। अपने फैसले में अपर जिला मजिस्ट्रेट ने यह भी कहा था कि 31 मार्च 2026 से पूर्व ऋणी मोहम्मद शाहिद द्वारा बैंक की बकाया धनराशि जमा करना सुनिश्चित किया जाए।



### आज खत्म हो जाएगी मोहलत की मियाद

बैंक से लोन कराकर क्रय किए गए भवन विवाद के मामले में एचडीएफसी बैंक का किरदार संदेह के घेरे में है। जानकारों की माने तो जिस वक्त लोन किया गया मकान का नक्शा पास नहीं था। मोहम्मद शाहिद के मुताबिक इसी मकान पर पहले बैंक द्वारा उसे 18 लाख रुपए का लोन किया गया था लेकिन जब उसने इस पर आपत्ति जताई तो कुछ माह के बाद इस लोन को कैंसिल कर उसे 10 लाख का लोन किया गया। बड़ा सवाल यहां यह है कि मकान का सौदा जब 13 लाख में हुआ तो बैंक इसी मकान पर 18 लाख का लोन आखिर कैसे कर सकता है। वर्ष 2021 की 1 जून को संपत्ति का बैनामा हुआ था। मोहम्मद शाहिद को मकान पर कब्जा दिलाने की मोहलत की मियाद आज 29 दिसंबर को खत्म हो जाएगी।

# ब्लॉक मंत्री मनोज राय का किया स्वागत

दिनेशपुर। राजकीय शिक्षक संघ के निर्वाचित गदरपुर विकासखंड के ब्लॉक मंत्री मनोज राय का नगर के समाज सेवी हरिदास मंडल के टीम ने स्वागत किया। दिनेशपुर कालीनगर रोड पर स्थित समाजसेवी मंडल के निजि कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में नवनिर्वाचित ब्लाक मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर और माल्यार्पण करके स्वागत किया। शनिवार हरिदास मंडल ने स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजकीय शिक्षक संघ के गदरपुर ब्लॉक मंत्री मनोज राय अटल उत्कृष्ट



राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर में शिक्षक पद में सेवा प्रदान कर रहे है। ब्लॉक मंत्री मनोज कुमार राय उर्फ मुन्ना ने कहा है कि शिक्षकों के अधिकारों और उनके सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और साथ ही शैक्षिक उन्नयन, छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए राजकीय शिक्षक संघ हमेशा आगे रहेगा। और शिक्षकों के हक हकूक के लिए हमेशा अगली पंक्ति में रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष रोहित मंडल ने किया । इस मौके पर निरज कोरंगा,राजु गाईन,देवव्रत कुमार आदि उपस्थित थे।

# इंस्पिरेशन में वार्षिक खेलकुम्भ का सफल आगाज

हल्द्वानी। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल काठगोदाम में द्वि-दिवसीय वार्षिक खेलकुम्भ का सफल आयोजन बड़े उत्साह एवं अनुशासान के साथ किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ गीतिका बल्यूटिया, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा एवं कॉड्रीनेटर श्रीमती प्रियंका शर्मा द्वारा नील गगन में श्वेत व नील वर्ण के गुब्बारे उड़ाकर किया गया। तत्पश्चात् चारों सदनों द्वारा मार्च पास्ट की सफल प्रस्तुती की गई। खेल कप्तान द्वारा सभी को खेल की प्रतिज्ञा दिलाई गई।खेलों से पूर्व विद्यालय के कॉयर ग्रुप के द्वारा सभी खिलााड़ियों के उत्साहवर्द्धन हेतु मधुर व जोशीले गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही नन्हें-नन्हें बच्चों ने आकर्षक नृत्य से सभी का मनोरंजन किया।इसी क्रम में योग विभाग द्वारा मल्लखम्ब की अद्भुत प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही व युयुत्सु के विद्यार्थियों ने अपने अनूठे कर्तबों से सभी को स्तब्ध कर दिया। इन सभी के बीच शुभांकर पाण्डा के रूप में जितेन्द्र सिंह गड़िया (कक्षा 11 द) आकर्षण का विशेष केन्द्र बना रहा।द्वि-दिवसीय वार्षिक खेलकुम्भ के प्रथम दिवस पर कक्षा नर्सरी से कक्षा 09 तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया ऑब्सटिकल रेस, कर्व ब्रेक्रर रेस, मेथेमेटिकल रेस, फिलिप एण्ड रन, और 100 मी0 रेस आदि खेल शामिल थे। सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस पर हारमनी हसल, कप कंट्रोल, ऑब्सटिकल फन, स्लो साइकिल रेस, टग ऑफ वॉर आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा एवं विजेताओं को पुरुस्कृत किया जाएगा।





# मदर्स ग्लोरी स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

रामनगर। रविवार को ग्राम टांडा में स्थित मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंगमंच पर धमाल मचाने के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से अभिभावकों का मन मोह लिया स्कूली बच्चों द्वारा रंगमंच पर उत्तराखंड की संस्कृति के अलावा विभिन्न राज्यों की संस्कृति को नृत्य के माध्यम से रंगमंच पर बिखरा कार्यक्रम का शुभारंभ रामनगर की ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी एवं ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने करते हुए बच्चों की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि अभिभावकों को पढ़ाई के साथ-साथ



अपने बच्चों को खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का मौका देना चाहिए तो वही उन्होंने स्कूल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जमकर प्रशंसा की वही स्कूल की प्रधानाचार्य मीना पांथरी ने बताया कि आज जिस प्रकार से हमारे बच्चे अपनी संस्कृति को भूल रहे हैं तथा बच्चों में संस्कारों की कमी आ रही है यह चिंता का विषय है उन्होंने कहा कि आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को सिखाया गया कि बच्चे अपनी संस्कृति को पहचानने के साथ ही इसे बचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें तथा अपने संस्कारों के प्रति भी बच्चे जागरुक हो इन्हीं सब बातों को लेकर आज बच्चों ने कई प्रस्तुति रंगमंच पर दी उन्होंने कहा कि भविष्य में स्कूल प्रबंधन का प्रयास रहेगा की बच्चों में बौद्धिक विकास की क्षमता बधाई जाने को लेकर बेहतर प्रयास की जाएंगे।

# नए साल से पहले बारिश-बर्फबारी के आसार,कई जिलों में कोहरे का अलर्ट

देहरादून। उत्तराखंड का मौसम नए साल से पहले बारिश-बर्फबारी का तोहफा दे सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 30-31 दिसंबर के साथ एक-दो जनवरी को पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी की संभावना है। उधर 29 दिसंबर को दून समेत छह जिलों में घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया। पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, चंपावत और नैनीताल जिले के कुछ हिस्सों में सोमवार को घना कोहरा छाया रह सकता है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि कोहरा छाने से पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानी क्षेत्रों में भी सूखी ठंड परेशान करेगी। इसके अलावा 30-31 दिसंबर से दो जनवरी तक उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग जिले के कुछ हिस्सों में बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। प्रदेश के 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी की संभावना है। इसका सीधा असर प्रदेशभर के तापमान पर देखने को मिलेगा। तीन जनवरी को प्रदेशभर का मौसम शुष्क रहेगा।

# अंकिता भंडारी और उन्नाव रेप पीड़िता को न्याय दिलाने को जुलुस निकाल पुतला दहन किया

रूद्रपुर। इंकलाबी मजदूर केंद्र रुद्रपुर के बैनर तले उत्तराखंड की अंकिता भंडारी और उन्नाव ( यू पी ) रेप पीड़िता बिटिया को न्याय दिलाने को जुलुस और पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया।कुलदीप सेंगर, अंकिता भंडारी मामले में उजागर हुए वीआईपी और हत्यारे बलात्कारियों को संरक्षण दे रही योगी - मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया। मजदूर बस्ती विकास नगर से शिवपुरम मुख्य मार्ग तक जुलुस निकाला गया। अशोक विहार - आनन्द विहार चौराहे पर पुतला दहन किया गया। वक्ताओं ने एक स्वर में हत्यारे बलात्कारी कुलदीप सेंगर को आजीवन कारावास की सजा देने की मांग की। कुलदीप सेंगर के पक्ष में आये दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश की घोर निंदा की। आदेश को महिला विरोधी और शर्मनाक बताया गया। कि इससे कुलदीप सेंगर जैसे हत्यारे बलात्कारियों के होंसले बुलंद होंगे। महिलाओं के प्रति अपराधों में बृद्धि होगी। हर महिला और माता पिता का इससे हौंसला कमजोर हुआ है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को तत्काल हस्तक्षेप करके भारत देश की जनभावना के अनुसार सेंगर की आजीवन कारावास की सजा को तत्काल





बहाल करना चाहिए। वक्ताओं ने आगे कहा कि उत्तराखंड में अंकिता भंडारी प्रकरण में एक बार फिर से टप्च का नाम उजागर हुआ है। क्योंकि इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यन्त कुमार गौतम का नाम उछल रहा है। तो भाजपा की ट्रोल आर्मी,सरकार और प्रशासन उजागर हुए ऑडिओ,वीडियो की फॉरेनसिंक जाँच कराने, घटना के दिन उनकी मोबाईल की लोकेशन की जानकारी उजागर करने और जनभावनाओं के तहत पूरे प्रकरण की सीबीआई जाँच कराने के स्थान पर मामले को दबाने की साजिश कर रहे हैं।दुष्यन्त कुमार गौतम द्वारा गृह सचिव को सोशल प्लेटफार्म से उक्त सामग्री को हटाने को पत्र लिखने का प्रकरण भी गंभीर सवाल खड़े करता है।वक्ताओं ने एक स्वर में सामने आये ऑडियो,वीडियो की तत्काल फॉरेनसिक जाँच कराने, घटना के समय दुष्यन्त कुमार गौतम की मोबाइल लोकेशन को तत्काल उजागर करने और जनभावानों का सम्मान करके प्रकरण की सीबीआई जाँच कराने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि उपरोक्त दोनों घटनायें पुनः उजागर कर रहीं हैं कि भाजपा ,आरएसएस के हिन्दू राष्ट्र में बेटियां कितनी सुरक्षित हैं?कि पूरी राज्य मशीनरी आम जनता की बेटियों को न्याय दिलाने को उठने वाली आवाज को किस निर्ममता से कुचल रही है। कि कुलदीप सेंगर और उक्त टप्च को बचाने को भाजपा सरकारें किस तरह से मुस्तैद रहतीं हैं।कि 23 दिसंबर को दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश का इंडिया गेट पर विरोध कर रहीं पीड़िता और उसकी माँ की आवाज को भाजपा सरकार की दिल्ली पुलिस ने किस बेरहमी से दबा दिया।सेंगर जैसे हत्यारे बलात्कारियों को संरक्षण दे रहे भाजपा आरएसएस के हिन्दू राष्ट्र में बेटियों को सुरक्षा और सम्मान मिलने की उम्मीद करना,खुद को और अपनी बच्चियों को धोखा देना होगा।ऐसे में देश की आम जनता को, देश की आधी आबादी को खुद आगे आना होगा। सड़कों पर उतरना होगा।इससे भी आगे बढ़कर बलात्कारियों को तैयार करनी वाली पतित उपभोक्तावादी पूंजीवादी साम्राज्यवादी व्यवस्था का अन्त करना होगा। महिलाओं को मुकम्मल सुरक्षा देने वाली समाजवादी व्यवस्था की स्थापना करने को आंदोलन संगठित करना होगा।संगठित प्रतिरोध ही बलात्कारी सेंगर और अपच जैसे राक्षसों को उचित सजा दिला सकता है। आज के कार्यक्रम में इंकलाबी मजदूर केंद्र से कैलाश, दिनेश, पिंकी गंगवार, लोकेश, सुनीता, कृष्णा देवी आदि, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन से राजेश, डॉल्फिन मजदूर संगठन से प्रेमपाल, सुनीता, पिंकी, कमलेश देवी,पिंकी, उर्मिला, मिथिलेश देवी,सुनील, कविता आदि, इंटरार्क मजदूर संगठन के सौरभ, बजाज मोटर्स यूनियन के गणेश बोरा सहित कई मजदूर साथी उपस्थित थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारतीयों पर हमले

कनाडा में दो सप्ताह के भीतर दो भारतीयों की हत्या ने सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है। पिछले हफ्ते टोरंटो में एक भारतीय महिला की उसके आवास पर हत्या कर दी गई। दूसरी घटना में टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास बीस वर्षीय एक भारतीय शोध छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इन वारदात के पीछे क्या कारण थे और इसे किसने अंजाम दिया, इसकी जांच पुलिस कर रही है, लेकिन सवाल है कि आखिर कनाडा में भारतीय मूल के लोगों पर हमले क्यों हो रहे हैं? क्या यह नस्लीय नफरत से उपजी कुंठा और आक्रामकता का नतीजा है या फिर किसी सोची-समझी साजिश की कड़ियां, जो लक्षित तरीके से हमलों का जाल बुना जा रहा है! यही नहीं, कनाडा के एक अस्पताल में हाल में इलाज का इंतजार कर रहे भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि इस व्यक्ति को आठ घंटे से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद भी उपचार नहीं मिला और हृदयघात से उसकी जान चली गई। यह घटना न केवल चिकित्सकों की लापरवाही दर्शाती है, बल्कि भारतीय मूल के लोगों के साथ भेदभाव की ओर भी इशारा करती है। गौरतलब है कि कनाडा में भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों की संख्या अच्छी-खासी है। हर साल बड़े पैमाने पर भारतीय युवा वहां उच्च शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं। नीति आयोग की हाल की एक रपट के मुताबिक, उच्च शिक्षा हासिल करने के मामले में भारतीय विद्यार्थी के लिए कनाडा पहली पसंद है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और जर्मनी का स्थान आता है। पिछले वर्ष कनाडा में सवा चार लाख भारतीय विद्यार्थी अध्ययनरत थे। इसके अलावा कनाडा की नागरिकता लेकर वहां बसे भारतीयों की संख्या पंद्रह लाख से अधिक है। ऐसे में सवाल है कि जो भारतीय पढ़ाई या नौकरी के लिए कनाडा जाते हैं, या जो वहां के स्थायी नागरिक बन गए हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की नहीं, तो और किसकी है? हाल के वर्षों में कनाडा में भारतीयों पर हमले की खबरें आए दिन आती रहती हैं, जिससे वहां की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यह बात छिपी नहीं है कि कनाडा में भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों तथा उनके धार्मिक प्रतिष्ठानों पर लक्षित तरीके से हमले की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है। टोरंटो विश्वविद्यालय के शोधार्थी छात्र और उससे पहले एक भारतीय महिला की हत्या को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, टोरंटो के दक्षिण-पूर्वी एडमोंटन स्थित अस्पताल में भारतीय मूल के व्यक्ति को आठ घंटे तक इलाज मुहैया न कराने की घटना प्रथम दृष्टया नस्लीय भेदभाव का मामला ही प्रतीत होता है। इस तरह की घटनाओं को लेकर समान रूप से यह बात भी सामने आई है कि वहां की सुरक्षा एजेंसियां कार्रवाई में उतनी तत्पर नजर नहीं आती, जितनी उनसे अपेक्षा की जाती है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि जांच अधिकारी जानबूझकर लापरवाही बरतने का प्रयास करते हैं। ऐसे में भारत सरकार को चाहिए कि इस तरह के मामलों को कूटनीतिक स्तर पर प्रभावी तरीके से उठाया जाए और उचित कार्रवाई का दबाव बनाया जाए। वहीं, कनाडा की सरकार को भी यह बात समझनी होगी कि द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के प्रयास वहां रहे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना सिरे नहीं चढ़ पाएंगे।

# सहकारिता मेले में राज्यपाल ने किया विभिन्न स्टालों का अवलोकन

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर रेंजर्स ग्राउण्ड देहरादून में आयोजित सहकारिता मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने मेले में विभिन्न स्टालों का अवलोकन करने के साथ-साथ सभा को संबोधित भी किया। सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति में सीधा योगदान देती है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बहुत दूरदर्शिता से केंद्र सरकार में स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की रचना की है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का विचार एक ऐसा मॉडल बनाने का विचार है जिसमें सबका सामूहिकता के साथ विकास हो और सभी के योगदान से हैं। उन्होने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तराखण्ड की सहकारी समितियाँ सेना, आईटीबीपी और अन्य अर्धसैनिक बलों को खाद्यान्न, डेयरी और अन्य आवश्यक वस्तुएँ आपूर्ति कर रही हैं। यह न केवल राज्य की सहकारिता की क्षमता को दर्शाता है, बल्कि राष्ट्रीय सेवा में योगदान का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपस्थित समृद्धि आएगी और समृद्धि से विकसित भारत/2047 का संकल्प साकार होगा।इस अवसर पर प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 11 मेले आयोजित किए जा चुके है जिनमें 3 लाख से अधिक किसानों की सहभागिता रही है। उन्होने कहा कि






अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सहकार का अर्थ है मिलकर कार्य करना। सहकारिता आंदोलन एक के लिए सब और सब के लिए एक की धारणा को परिलक्षित करता है। जहाँ 'मैं' खत्म होता है, वहीं से 'हम' शुरू होता है, और उसी का नाम है सहकारिता। उन्होने कहा कि हमारे देश में सहकारिता कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन दर्शन का अभिन्न अंग रहा है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे यहाँ प्राचीन काल से ही समूह जीवन की परंपरा रही है। ग्रामसभा, पंचायती व्यवस्था, सिंचाई के लिए सामूहिक तालाब, मंदिर एवं विद्यालय निर्माण हेतु सामूहिक योगदान- ये सब सहकारिता की ही देन हैं। उन्होने कहा कि सहकारिता केवल उत्पादन या वितरण तक सीमित नहीं, यह गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता, सतत आजीविका, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे 17 देश का विकास हो, और यह सिर्फ सहकारिता से ही संभव है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड देश का एकमात्र राज्य है जिसने सहकारी समितियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है। हमारे महिला स्वयं सहायता समूह न केवल परिवार की आर्थिक रीढ़ बने हैं, बल्कि उद्यमिता में भी नई ऊँचाइयाँ छू रहे जनसमूह को यह संकल्प लेने का आह्वान किया कि हर गाँव में एक सशक्त सहकारी समिति बने, हर परिवार सहकारिता से जुड़कर आत्मनिर्भर बने, हर युवा सहकारिता को अवसर का मंच बनाए। उन्होने कहा कि इन्हीं संकल्पों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा और इस दिशा में हमारे सामूहिक प्रयासों से, सहकारिता से प्रदेश की विभिन्न सहकारिता समितियों से अब तक 30 लाख से अधिक किसान जुड़े है और प्रदेश सरकार का लक्ष्य इस संख्या को 50 लाख से अधिक करने का है। कार्यक्रम में सहकारिता निबंधक श्री मेहरबान सिंह बिष्ट सहित सहकारिता विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सहकारी समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।






# नक्सली आतंक से पूर्ण मुक्ति की ओर लाल गलियारा

नक्सली अभियान के विरुद्ध ओडिशा में एक नई सफलता मिली है।कंधमाल जिले में चली एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने चार माओवादियों को मार गिराया। इनमें 1.20 करोड़ रुपए के इनामी ओडिशा राज्य समिति के प्रभारी 69 वर्षीय गणेश उइके और दो महिलाएं भी शामिल हैं।इससे पता चलता है कि समूचे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में महिलाएं भी सशक्त भूमिका निभा रहीं हैं।गणेश के मारे जाने के बाद अब ओडिशा नक्सल मुक्त होने की दिशा में तेजी से बढ़ेगा।इसके पहले बसव राजू और हिड़मा समेत नक्सली केंद्रीय समिति के एक दर्जन से अधिक शीर्ष माओवादी मुठभेड़ में मार गिराए गए हैं।इन नेतृत्व कर्ताओं की मृत्यु के बाद संगठनों का वर्चस्व खात्मे की ओर है।अतएव हम कह सकते हैं कि गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक माओवाद के समूल नाश का जो वचन दिया है, वह पूरा होगा। माओवादी अर्से से देश में एक ऐसी जहरीली विचारधारा रही है, जिसे नगरीय बौद्धिकों का समर्थन मिलता रहा है। ये बौद्धिक नक्सली संगठनों को आदिवासी समाज का हितचिंतक मानते रहे हैं, जबकि जो आदिवासी नक्सलियों के विरोध में रहे, उन्हें इनकी हिंसक क्रूरता का शिकार होना पड़ा है। बावजूद इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश के वामपंथी दलों को कभी भी सुरक्षाबलों का नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा सफाये का अभियान पसंद नहीं आया। इसिलए जब मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए तत्कालीन गृहमंत्री पी चिदंबरम ने नक्सलवाद के खिलाफ ऑपरेशन ग्रीनहंट चलाया था,तब उसका पुरजोर विरोध कांग्रेस समेत सभी सहयोगियों दलों ने किया,फलत: ऑपरेशन तो किसी नतीजे पर पहुंचे बिना ही दम तोड़ता चला गया,परंतु नक्सली संगठन के स्तर पर मजबूत और सुरक्षा बलों के लिए घातक होते चले गए। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। लेकिन चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार ने सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी है, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्र में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात कर चुकी है। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि इस साल सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2024 में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-2014 की तुलना में 2014 से 2024 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004 से 2014 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई हैं और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है, उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें



कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र व आदिवासी बहुल इलाके हैं, जिनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना कठिन होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोलता था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती हैं। लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।व्यवस्था बदलने के बहाने 1967 में पश्चिम बंगाल के उत्तरी छोर पर नक्सलवाड़ी ग्राम से यह खूनी आंदोलन शुरू हुआ था। तब इसे नए विचार और राजनीति का वाहक कुछ साम्यवादी नेता, समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री और मानवाधिकारवादियों ने माना था।लेकिन अंतत: माओवादी नक्सलवाद में बदला यह तथाकथित आंदोलन खून से इबारत लिखने का ही पर्याय बना हुआ है। जबकि इसके मूल लक्ष्यों में नौजवानों की बेकारी, बिहार में जाति तथा भूमि के सवाल पर कमजोर व निर्बलों का उत्थान, आंध्र प्रदेश और अविभाजित मध्य-प्रदेश के आदिवासियों का कल्याण तथा राजस्थान के श्रीनाथ मंदिर में आदिवासियों के प्रवेश शामिल थे। किंतु विषमता और शोषण से जुड़ी भूमण्डलीय आर्थिक उदारवादी नीतियों को जबरन अमल में लाने की प्रक्रिया ने देश में एक बड़े लाल गलियारे का निर्माण कर दिया था, जो पशुपति (नेपाल) से तिरुपति (आंध्रप्रदेश) तक जाता है। इस पूरे क्षेत्र में माओवादी वाम चरमपंथ पसर गया था। इसने नेपाल, झारखण्ड, बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के एक ऐसे बड़े हिस्से को अपनी गिरफ्त में ले लिया था जो बेशकीमती जंगलों और खनिजों से भरे हैं। छत्तीसगढ़ के बैलाडीला में लौह अयस्क के उत्खनन से हुई यह शुरुआत ओड़ीसा की नियमगिरी पहाड़ियों में मौजूद बॉक्साइट के खनन तक पहुंच गई थी। यहां आदिवासियों की जमीनें वेदांता समूह ने अवैध हथकंडे अपनाकर जिस तरीके से छीनी थीं, उसे गैरकानूनी खुद देश की सर्वोच्च न्यायालय ने ठहराया था। हालांकि खबरें तो यहां तक हैं कि पाकिस्तान और चीन माओवाद को बढ़ावा देने की दृष्टि से हथियार पंहुचाने की पूरी एक श्रृंखला बनाए हुए हैं। चीन ने नेपाल को माओवाद का गढ़ ऐसे ही सुनियोजित षड्यन्त्र रचकर वहां के हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को ध्वस्त किया। नेपाल के पशुपति से तिरुपति तक इसी किस्म के माओवाद को आगे बढ़ाने की मानसिकता को तथाकथित शहरी बौद्धिकों ने प्रोत्साहित किया। किंतु केंद्र नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद से राष्ट्र-राज्य की परिकल्पना को चुनौती बने इस चरमपंथ के दिन गिनती के रह गए हैं।

–प्रमोद भार्गव, पत्रकार/लेखक

# दो दर्जन से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

किच्छा। विधायक तिलक राज बिहार के कार्यालय में आज दो दर्जन से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा से त्यागपत्र देकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की इस दौरान विधायक तिलक राज बिहार एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा कांग्रेस के भारतीय परिवार पर हर्ष व्यक्त किया। इस इस अवसर पर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बिहार ने कहा कि भाजपा की नीतियों से त्रस्त होकर के लोग कांग्रेस की ओर जा रहे हैं तथा आम जनता को अब कांग्रेस के प्रति अपना रुझान दिखाई दे रहा है तथा आम जनता को लग रहा है कि कांग्रेस के ही शासन काल में सर्वांगीण विकास की गाथा को लिखा जा सकता है भाजपा सरकार में तोड़फोड़ की नीति के अलावा जातिगत नीतियों के अलावा नया कुछ नहीं है भाजपा सरकार में रोजगार विकास व्यापार शिक्षा स्वास्थ्य तमाम मूलभूत सुविधाओं की बातें करना अब बेमानी साबित हो रहा है जिसके लिए जनता अब कांग्रेस की ओर अग्रसर हो रही है उन्होंने नवागंतुक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह की जान से पार्टी के कार्य को आम जनता तक पहुंचाएं तथा कांग्रेस के नीतियों को भी आम नागरिकों तक पहुंचाएं जिससे उत्तराखंड सहित केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार को लाया जा सके और विकास की नई गाथा लिखी जा सके उन्होंने कहा कि वर्तमान में विकास आम नागरिकों की पहुंच से दूर पहुंच चुका है। भाजपा सरकार ने सिर्फ नाम बदलने की नीति ही अपना रही है वह आम जनमानस के विकास की उनके उत्थान की उनके रहने सहने की बात करने की योजना बनाने के बजाय केवल जातिगत आम में जमा पहनकर कुर्सी पर काबिज रहने की ही नीति पर चल रही है। जो कि राज्य एवं देश की प्रति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि यही माहौल चला रहा तो आने वाले समय में आम लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा छोड़ कांग्रेस के सदस्यता लेने वालों में जवाहर नगर शांतिपुरी खुरपिया फॉर्म, देवरिया के लोग मुख्य रूप से संतोष अधिकारी पूर्व मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व दो दर्जन से अधि क लोगों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य रूप से पंकज जोशी, गिरीश भट्ट, के डी कर्नाटक, पार्वती मेहता, भगवती पांडे, कमल स्वर्कैली, सावित्री देवी, धनौली देवी, सुमन, जानकी देवी, भारत सिंह मेहता, विकास जोशी, राजेश जोशी, देवेंद्र सिंह, चंद्रकांत पांडे, गोविंद सिंह मेहता, आदि नहीं बीजेपी छोड़ कांग्रेसी संस्था ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने वाले पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संतोष अधिकारी ने कहा कि उनके द्वारा भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ने का अपने कार्यकाल में प्रयास किया गया था किंतु धीरे-धीरे भाजपा अपने मुख्य मुद्दों से भटक कर कार्य करने लग रही है जिस वजह से उन्होंने भाजपा से त्यागपत्र दे दिया तथा उत्तराखंड के विकास को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस के संस्था ग्रहण की है उन्होंने कहा कि अब भाजपा वह भाजपा नहीं रही जिसका कि वह मान सम्मान करते थे अब भाजपा के लोगों के द्वारा विकास उन्नति सहयोग रोजगार सरकारी नौकरियां इत्यादिक के विषय में बात करने के बजाय मुद्दों पर कार्य किया जा रहा है जो की सही नहीं है इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ओमप्रकाश दुआ को नि वर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली सुनीता कश्यप विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ साहित्य में कार्यकर्ता मौजूद थे।



# वर्ल्ड कनेक्ट एजुकेशन ने किया एक्सपो 2025 का आयोजन

नानकमत्ता। वर्ल्ड कनेक्ट एजुकेशन द्वारा आयोजित एडु एक्सपो 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस मेगा शिक्षा मेले कई शिक्षण संस्थाओं वर्ल्ड कनेक्ट एजुकेशन एंड ट्रेवल द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमे सी ए, बैंकिंग, कॉमर्स, मैनेजमेंट, मेडिकल, नॉन-मेडिकल, कॉलेज एवं विश्व विद्यालय,स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर को एक ही छत के नीचे छात्रों एवं अभिभावकों के लिए उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सही मार्गदर्शन, पारदर्शी काउंसलिंग एवं विश्वसनीय शिक्षा विकल्प प्रदान करना रहा। यह आयोजन वर्ल्ड कनेक्ट एजुकेशन के संस्थापक एल. एस. बेदी जी एवं निदेशक मुकुल मेहता के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरदार राजपाल सिंह उपाध्यक्ष राज्य किसान आयोग,श्री पाल राणा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उत्तराखंड, प्रेम सिंह राणापूर्व विधायक, जितेंद्र तिवारी वरिष्ठ पत्रकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। सरदार राजपाल सिंह जी ने छात्रों एवं अभिभावकों को शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले फ्रॉड से बचने की सलाह देते हुए वर्ल्ड कनेक्ट एजुकेशन जैसी जेन्युइन कंसल्टेंसी से संपर्क करने का संदेश दिया, ताकि कोई भी छात्र भटके नहीं और गलत मार्ग न चुने। कार्यक्रम के दौरान एक पैनल डिस्कशन भी आयोजित किया गया, जिसमें पाँच अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने मंच साझा कर छात्रों व अभिभावकों के सवालों के जवाब दिए और उनके संदेहों का समाधान किया। एडु एक्सपो छात्रों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस मौके पर मनोज अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, संदीप अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



# कांग्रेस नगर अध्यक्ष पद को लेकर गदरपुर में घमासान तेज

गदरपुर। कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर गदरपुर में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। नगर अध्यक्ष की कुर्सी के लिए पार्टी के भीतर दावेदारों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो चुका है। इस पद को लेकर गदरपुर में अलग-अलग स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नजरें जल्द होने वाली घोषणा पर टिकी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार नगर अध्यक्ष पद की दौड़ में पूर्व नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी का नाम एक बार फिर मजबूती से सामने आ रहा है। इसके साथ ही एक नया नाम विकास तनेजा भी चर्चा में है, जिन्हें लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्सुकता देखी जा रही है। वहीं मुकेश भगत भी इस रेस में शामिल माने जा रहे हैं और अपने-अपने स्तर से संगठन में सक्रियता बढ़ा रहे हैं। कांग्रेस नगर अध्यक्ष पद को लेकर सभी दावेदार अपनी-अपनी रणनीति और कार्यशैली के आधार पर नेतृत्व को प्रभावित करने की कोशिश में जुटे हैं। ऐसे में देखना यह होगा कि पार्टी नेतृत्व किस चेहरे पर भरोसा जताता है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस जल्द ही नगर अध्यक्ष की घोषणा कर सकती है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या पूर्व नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी को दोबारा जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, या फिर विकास तनेजा अथवा मुकेश भगत में से किसी नए चेहरे को कांग्रेस नगर अध्यक्ष की कमान सौंपी जाएगी। घोषणा के बाद ही गदरपुर कांग्रेस की आगे की दिशा स्पष्ट हो पाएगी।






# गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर निकला भव्य नगर कीर्तन

नानकमत्ता(उदसंवादाता)। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब में गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में गतका पार्टी ने अपने अजीबोगरीब करतब दिखाए। गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर गुरुद्वारा श्री नानकमता साहिब में एक भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ गुरुद्वारा श्री नानकमता साहब से हुआ। नगर कीर्तन की अगुवाई पंच प्यारों द्वारा की गई। जिनके आगे महिलाएं व पुरुष झाड़ू से साफ सफाई करते हुए चल रहे थे। नगर कीर्तन गुरुद्वारा से शुरू होते हुए कार सेवा डेरे के सामने पहुंचा, जहां कार सेवा के बाबा रविंद्र सिंह द्वारा पंच प्यारों का स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में गुरु नानक इंटर कॉलेज गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज,गुरु नानक एकेडमी के छात्र के अलावा गुरु नानक इंटर कॉलेज बेंड नगर कीर्तन में आकर्षण का केंद्र रहा। नगर कीर्तन के नगर में पहुंचने पर जगह-जगह व्यापारियों व सिख संगत द्वारा उनका चाय, पकौड़ी प्रसाद के साथ स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में गतका पार्टी में हेरत अंगेज करतब दिखाए गए। कीर्तन बिजली कॉलोनी पहुंचने के बाद वापस गुरुद्वारा रोड होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। गुरुद्वारा साहिब में संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर बरता गया। नगर कीर्तन की सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष उमेश कुमार द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। नगर कीर्तन में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान प्रधान जोगेन्दर सिंह संधु, महासचिव अमरजीत सिंह बोपराय, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, डायरेक्टर गुरवंत सिंह सोनी, डायरेक्टर गुरदयाल सिंह, मैनेजर रणजीत सिंह, रणजीत सिंह ढिल्लों, मलूक सिंह खिंडा, व्यापारी उमेश अग्रवाल, हरप्रीत सिंह हैप्पी आदि मौजूद थे।





